प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–13.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)**

****************

राज्य की चार लोकसभा सीटों खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा और पलामू में सुबह सात बजे मतदान जारी है जो शाम पाँच बजे तक चलेगा। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित खूंटी संसदीय क्षेत्र अंतर्गत खूंटी, तोरपा, तमाड, खरसावां, सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में सुचारु तरीके मतदान चल रहा है । बूथों पर लगातार वोटर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए पहुँच रहे हैं।

****************

खूंटी लोकसभा चुनाव में युवा और फर्स्ट टाइम वोटर्स ने भी उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग किया । देश के विकास और शिक्षा को लेकर उन्होंने मतदान किया तथा लोगों को वोट की कीमत समझाई।

****************

खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिमडेगा में भी वोटिंग हो रही है । अधिकांश मतदान केन्द्रों में लोगों की लंबी कतार दिख रही है। महिला, पुरुष, बुजुर्ग , फर्स्ट टाइम वोटर्स और दिव्यांग मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। सिमडेगा के उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने भी सपत्निक मतदान किया।

****************

लोकसभा चुनाव को लेकर अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में भी मतदाता उत्साहपूर्वक वोटिंग में हिस्सा ले रहे हैं। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सिसई, गुमला, बिशुनपुर, लोहरदगा और मांडर विधानसभा क्षेत्र में लोकतन्त्र के महापर्व को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

****************

लोहरदगा के ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने संसदीय क्षेत्र में जारी मतदान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि सभी जगह शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष तरीके से वोटिंग चल रही है। उन्होने वोटरों से मतदान की भी अपील की।

****************

इधर लोहरदगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गुमला विधानसभा के मतदान केंद्र संख्या 243 में ज़िले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सपत्निक मतदान किया और लोगों से वोटिंग की अपील की। गुमला में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए बूथों की बेहद खूबसूरत सजावट की गयी साथ ही सेल्फी पॉइंट भी बनाया

गया है जहां लोग मतदान कर फोटो खिंचवा रहे हैं । एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय गुमला के मतदान केंद्रो को भी आकर्षक रूप दिया गया है।

****************

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के रांची ज़िला अंतर्गत मांडर और तमाड़ में भी सुचारु तरीके से मतदान चल रहा है। मांडर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 62 में एक 90 वर्षीय महिला भी मतदान करने पहुंची । मांडर में फर्स्ट टाइम वोटर्स ने भी बढ़चढ़ कर लोकतन्त्र के महापर्व में हिस्सा लेकर सबों को मंदान का संदेश दिया।

****************

अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सिंहभूम संसदीय क्षेत्र में भी ज़बरदस्त वोटिंग हो रही है । लोकसभा चुनाव के माध्यम से पसंद का जन प्रतिनिधि चुनने के लिए वोटर कतारबद्ध होकर मतदान कर रहे हैं । कई बूथों पर मतदाताओं की लंबी लंबी कतार भी देखी जा रही है । सिंहभूम संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर और सरायकेला विधानसभा इलाके में खास और आम सभी मतदान केन्द्रों पर पहुँचकर अपने मताधिकार का उपयोग कर रहे हैं।

****************

अनुसूचित जाति के लिए रिज़र्व पलामू लोकसभा क्षेत्र में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है । पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत डाल्टनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर विधानसभा इलाके में लोकतन्त्र के महापर्व का उत्साह देखते ही बन रहा है । समाज के सभी वर्ग के लोग बूथों पर कतारबद्ध होकर बारी बारी से मतदान कर रहे हैं। अब चुनाव और मतदान से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए आईये चलते हैं पलामू लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा जिले के संवाददाता के पास....

****************

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने राज्य की चार लोकसभा सीटों में जारी मतदान का अपडेट देते हुए बताया कि दिन के एक बजे तक इन चारों ससदीय क्षेत्रों में लगभग 43 दशमलव 80 प्रतिशत मतदान हुआ है । खूंटी लोकसभा क्षेत्र में 47 दशमलव 41 फीसदी मतदान हुआ । लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में एक बजे तक 43 दशमलव 46 प्रतिशत वोटर मताधिकार का उपयोग कर चुके थे । पलामू लोकसभा क्षेत्र में 41 दशमलव 85 फीसदी मतदान हुआ था वहीं सिंहभूम संसदीय क्षेत्र में दिन के एक बजे तक 43 दशमलव 83 प्रतिशत वोटर मताधिकार का उपयोग कर चुके थे । अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान की प्रक्रिया पर संतोष जताते हुए बताया कि तकनीकी कारणों से इन चारों सीटों पर मॉक पोल के वक्त 31 बैलेट यूनिट , 34 कंट्रोल यूनिट और 70 वी वी पैट को बदला गया ।

****************

लोकसभा चुनाव को लेकर संथाल के समर के लिए तीन सीटों दुमका , राजमहल और गोड्डा सीटों पर साप्ताहिक अवकाश के बाद आज से फिर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई । काँग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव ने भी आज नामजदगी का पर्चा दाखिल किया । इस दौरान इंडी गठबंधन के नेता भी उनके साथ मौजूद थे । भाजपा के उम्मीदवार निशिकांत दुबे यहाँ से पहले ही नामांकन कर चुके हैं । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार प्रत्याशी कल तक इन तीनों क्षेत्रों में नामजदगी का पर्चा दाखिल कर सकते हैं । आगामी 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी । उम्मीदवार 17 मई तक नाम वापस ले सकेंगे । सातवें और आखिरी चरण के लोकसभा चुनाव के सिलसिले में दुमका राजमहल और गोड्डा संसदीय क्षेत्र में एक जून को मतदान होगा जबकि 4 जून को देश के अन्य संसदीय क्षेत्र के साथ ही इन तीनों लोकसभा सीटों की भी मतगणना होगी ।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार प्रवास के क्रम में आज हाजीपुर , मुजफ्फरपुर और सारण में चुनावी जनसभा को संबोधित किया और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा तथा एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में वोट मांगे। प्रधानमंत्री ने इससे पहले पटना साहिब गुरुद्वारा में श्सेवाश की और लंगर परोसा। इस बीच इंडी गठबंधन ने भी बाकी बचे चरणों को लेकर प्रचार तेज़ कर दिया है ।

****************

भूमि घोटाला मामले में जेल में बंद राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को रांची पी एम एल ए की विशेष अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया है । विशेष अदालत ने जमानत अर्जी पर फैसला सुनाते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। इधर उच्चतम न्यायालय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा दायर याचिका पर भी आज सुनवाई हुई। इस मामले में शीर्ष अदालत ने ईडी से जवाब मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 17 मई को होगी। श्री सोरेन ने अपनी याचिका में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा इडी गिरफ्तारी को कानून सम्मत बताए जाने को चुनौती दी है।

****************

पलामू जिले में मनातू में कल शाम हुई विस्फोट में मरने वालों की संख्या चार से बढ़ कर पांच हो गई है । पुलिस ने बताया कि सतबरवा में एक बच्चे की मौत रांची रिम्स ले जाने के क्रम में हो गई ।पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि घटना स्थल को सील कर दिया गया है तथा मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है गौरतलब है कि कल मनातू में एक निजी कबाड़ख़ाना में विस्फोट से यह दर्दनाक हादसा हुआ ।

****************

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देशानुसार राज्य में सभी कोटि के स्कूल आज से फिर खुल गए और कक्षाएँ पूर्व निर्धारित समय पर संचालित हुई। गौरतलब है कि पिछले दिनों गर्मी की सख्ती और

लू के प्रकोप को देखते हुए विभाग ने सभी कोटि के स्कूलों में केजी से कक्षा 8 तक की कक्षाएं अगले आदेश तक के लिए स्थगित रखने की हिदायत दी थी ।

********समाप्त*********